हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 255 | पटना, बुधवार, 06 नवम्बर, 2024 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

संपादकीय

रुको, सोचो और एक्शन लो

जे पी चौधरी

ऑनलाइन फरेब की दुनिया में हाल ही में नया नाम आ गया डिजिटल गिरफ्तारी। पहली नजर में विज्ञान कथा जैसा लगने वाला शब्द फिलहाल वास्तविक जीवन के लिये खतरा बनता जा रहा है। वे सरकारी आंकड़े डराने वाले हैं कि इस साल की पहली तिमाही में नागरिकों से इस धोखाधड़ी के जरिये एक अरब बीस करोड़ की ऑनलाइन लूट हुई। बीते रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा इस संकट का जिक्र करने के बाद यह मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श में आ गया। उन्होंने देशवासियों से इस भय से मुक्त होने का आह्वान किया और कहा कि उन्हें इससे बचने के लिये सजगता का मंत्र अपनाना है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं। साथ ही कहा कि सरकारी एजेंसियां कभी व्हाट्स ऐप या स्काइप आदि माध्यमों के जरिये नागरिकों से संवाद नहीं करती हैं। ये एजेंसिया कभी भी पैसे की मांग नहीं करती हैं। तेजी से पनप रहे इस संकट से बचने के लिये उन्होंने मंत्र दिया कि रुको, सोचो और एक्शन लो। दरअसल, भयादोहन करके लोगों को लूटने वाले व्हाट्स ऐप आदि से कॉल कर-के डराते हैं कि वे पुलिस, सीबीआई, आरबीआई या नारकोटिक्स विभाग से बोल रहे हैं। कभी कहा जाता है कि पकड़ी गई नशे की खेप में उनकी भूमिका है। कहा जाता है कि ड्रग्स वाले पार्सल जब्त होने के बाद यह सूचना दी जा रही है। उनसे कहा जाता है कि या तो वे मोटी रकम जमा करें या फिर परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। दरअसल, ये शातिर अपराधी यह दावा करते हैं कि ठगे जाने वाले व्यक्ति के बारे में वे बहुत कुछ जानते हैं। भय व अज्ञान के कारण बहुत सारे भोले-भाले लोग उनके बिछाए जाल में फंसकर मोटी रकम चुका देते हैं। यह विडंबना ही है कि नागरिकों को डिजिटली सशक्त करने के लिए भारत सरकार के महत्वाकांक्षी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने सफलता तो पाई लेकिन लोगों को साइबर अपराधों के प्रति संवेदनशील भी बना दिया। कुछ महीने पहले एक बेहद चौंकाने वाला डिजिटल अरेस्ट का घटनाक्रम सामने आया। खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह ने पद्मभूषण से सम्मानित और वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल से सात करोड़ रुपये की ठगी की थी। उन्हें दो दिनों तक डिजिटल भयचक्र में रखा गया। उन्हें किसी को फोन करने या संदेश भेजने से रोका गया। इतना ही नहीं जालसाजों ने वीडियो कॉल के जरिये सुप्रीम कोर्ट की फर्जी सुनवाई आयोजित की। कल्पना कीजिए इतने प्रभावशाली व्यक्ति को जब साइबर अपराधियों ने असहाय बना दिया, तो आम आदमी की क्या गति होगी? निस्संदेह, इससे बचने के लिये लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर उन बुजुर्गों को जो ऑनलाइन व्यवहार के प्रति ज्यादा जागरूक नहीं हैं। हालांकि, साइबर अपराधी नित नये धोखाधड़ी के हथकंडे अपना रहे हैं, लेकिन फिर भी जागरूकता बेहद जरूरी है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता, सजगता व तत्परता से ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसना होगा। नागरिक अनजान लोगों के फोन कॉल, ई-मेल या संदेश के प्रति सचेत रहें। उन्हें धैर्य के साथ सोचना होगा ।

डूब रही है झामुमो की नैया, बन रही एनडीए सरकार: राजनाथ सिंह

रांची। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हटिया और लोहरदगा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होने छठ पर्व की शुभकामनाओं के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। रक्षा मंत्री ने झामुमो के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि, अब झामुमो की नैया डूब रही है। झारखंड की जनता ने एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी दिवाली के दबे हुए पटाखे है। इनकी हालत फुस्स पटाखे जैसी हो गई है। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई उंचाईयों पर ले जाने का काम करेगी। झारखंड को अलग राज्य बनाने का काम भाजपा ने ही किया था, लेकिन झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार के राज में झारखंड राज्य लगातार जूबता चला गया। राज्य में 13 मुख्यमंत्री रहे, जिनमें से कई जेल भी गए। लेकिन आज तक भाजपा का कोई भी मुख्यमंत्री जेल नहीं गया है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार सिर्फ अपना घर भरने के लिए सत्ता में आती है, लेकिन भाजपा विकास करने के लिए सत्ता में आती है।

रक्षा मंत्री ने कहा भाजपा के तीन मुख्यमंत्री रहे जिनमें बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। लेकिन झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकारों पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते आ रहे है।

उन्होने कहा कि झामुमो का अर्थ है, खटट यानी जमकर मलाई मारो- झामुमो आदिवासी विरोधी पार्टी है। कहा कि इन्होंने आदिवासियों का खून चूसा है। ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं। सिंह ने कहा, झारखंड से हमारा आत्मीय रिश्ता है। झामुमो ने अपना घर भरने के लिए आदिवासी भाइयो को धोखा दिया है, इनके मंत्रियों और सांसद के पास करोड़ो रुपए पकड़े जाते है। लेकिन आदिवासियों को सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा सरकार ने दिया है। कहा कि आज देश का नाम मोदी के कारण पूरी दुनिया में गूंज रहा है। कहा कि धनतेरस के दिन हमने विदेश में रखा भारत का 102 टन सोना वापस लाया। कहा कि अभी भारत विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है। लेकिन जल्दी ही ये तीसरे स्थान पर होगा। कहा अमेरिका औ? चीन के बाद हम तीसरे पर स्थान होंगे।

उन्होने कहा कि, झामुमो सरकार के राज में लगातार घुसपैठिए बढ़ रहे है। रक्षा मंत्री ने हेमंत सोरेन से सवाल करते हुए कहा कि, बताएं आखिर आदिवासियों की आबादी 28 प्रतिशत कैसे रह गई। घुसपैठियों ने आदिवासी भाइयो की जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि, झारखंड में भाजपा की सरकार बना दीजिए, कोई आपकी जमीन पर कब्जा नहीं कर पाएगा। इस बार भाजपा जनता राज और सुशासन के साथ नया अध्याय लिखने जा रही है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी ने झारखंड को ठगने का काम किया है, झारखंड के विकास में तीन स्पीड ब्रेकर झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी है। लेकिन इस बार इस स्पीड ब्रेकर को तोडना है।

रक्षा मंत्री ने कहा लगातार दो बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दीजिए, जिसके बाद झारखंड विकसित राज्यों को टक्कर देने लगेगा। उन्होने वन नेशन-वन इलेक्शन का जिक्र करते हुए कहा कि बार-बार चुनाव होने से जनता का पैसा खर्च होता है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए एक बिल लेकर आ रहे है, जिसको संसद में पास किया जाएगा।

सामाजिक समरसता का प्रतीक छठ महापर्व: नितिन नवीन

पटना सिटी (बृजेश गोस्वामी)। छठ महापर्व से सिर्फ आध्यात्मिक व भौतिक सुख ही नही होता यह सामाजिक समरसता का प्रतीक है ।उक्त बातें गाय घाट में 49वां दिनकर पूजनोत्सव का उद्घघाटन करते हुए नगर आवास एवं विकास विभाग मंत्री नितिन नवीन ने कही ।उन्होंने कहा कि पर्व से लोग स्वस्थ होते है। समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने कहा कि प्रत्यक्ष देव सूर्य की उपासना का पर्व रोगों का शमन करता है। रामायण काल में भगवान श्री राम, सीता मैया एवं महाभारत काल में द्रौपदी सहित कर्ण भी छठ पूजन करते थे, सूर्य से प्राण ऊर्जा तथा फल आदि से शक्ति प्राप्त होता है, शरीर निरोगी होता है एवं उपवास से कैंसर से भी बचा जा सकता है ।इस अवसर पर पटना की मेयर श्रीमती सीता साहु, उपमेयर श्रीमती रेश्मि चंद्रवंशी, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सर्वदेव प्रसाद गुप्त, पार्षद श्रीमती किरण मेहता, नितिन अभिषेक, नितिन कुमार ने भी अपना विचार रखा। अतिथियों का स्वागत सहसंयोजक दिलीप कुमार गुप्ता ने जबकि संचालन राजेश पांडे ने किया ।अवसर पर सुश्री शाम्भवी प्रकाश ने छठ गीत गाकर लोगों को मंत्र मुक्त किया ।कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, शशि शेखर रस्तोगी, शशिकांत गुप्ता, अमित कुमार, विनय कुमार, राजेंद्र यादव, मुकेश कुमार मंटू , सीताराम महतो, देवराज बल्लभ ,सर्व प्रकाश ,राम जी, विकास मौडीवाल, छोटू साव, अंजीत कुमार आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेहरू पथ स्थित निमार्णाधीन भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब की जयंती 11 नवम्बर के पूर्व इस पार्क का निर्माण पूर्ण करें। पार्क के शिलापट्ट पर भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के देश की आजादी में योगदान, उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व के बारे में अंकित करायें ताकि लोगों को जानकारी मिल सके। इस पार्क के पीछे के रास्ते को भी

ठीक करायें ताकि यहां आनेवाले लोगों को परेशानी नहीं हो। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नेहरू पार्क का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके पूर्व हार्डिंग रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि निमार्णाधीन भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का निरीक्षण करने यहां आये हैं।

मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व को लेकर हमलोगों ने काफी काम किया है। उनकी प्रतिमा यहां लगायी जायेगी। लोग यहां आकर उनके बारे में भी जानेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका बहुत बड़ा योगदान है। 11 नवम्बर को उनके जन्मदिवस के अवसर पर हमलोगों ने बिहार में शिक्षा दिवस मनाने की शुरूआत की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी पर पुलिस अधिकारी को धमकाने का मामला दर्ज

बेंगलुरु । केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के खिलाफ खनन के एक मामले की जांच कर रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को धमकी देने के आरोप में केंद्रीय मंत्री के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक एम. चंद्रशेखर की शिकायत के आधार पर सोमवार को मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप है कि कुमारस्वामी ने एक सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने के लिए उसे धमकाया। शिकायतकर्ता ने कहा कि अधिकारी खनन के एक मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल का नेतृत्व कर रहे थे, जिसमें कुमारस्वामी आरोपी हैं।

कुमारस्वामी के खिलाफ जांच उन आरोपों से संबंधित है।

जिसमें उन्होंने 2006 से 2008 तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कानून का उल्लंघन करते हुए बेल्लारी जिले में श्री साईं वेंकटेश्वर मिनरल्स (एसएसवीएम) को 550 एकड़ का खनन पट्टा अवैध रूप से स्वीकृत किया था। चंद्रशेखर ने संजय नगर थाने में दर्ज अपनी शिकायत में कहा, ह्यह्यएसआईटी ने जांच रिपोर्ट तैयार करने और आरोपी (कुमारस्वामी) के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत और सामग्री मिलने के बाद 21/11/2023 को कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल को पत्र लिखकर आरोपी श्री एच.डी. कुमारस्वामी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का अनुरोध किया था।

शरद पवार का बड़ा ऐलान, नहीं चाहिए सत्ता, अब नए लोगों को चुनकर आना चाहिए

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की लड़ाई अपने चरम पर पहुंच गई है। आवेदन वापस लेने की अंतिम तिथि बीतने के बाद प्रदेश भर में मुकाबलों की तस्वीर साफ होने लगी है। कई जगहों पर विद्रोहियों ने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। एक तरफ जहां इस बात की चर्चा हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ शरद पवार के राजनीतिक संन्यास की भी चर्चा होने लगी है। बारामती में युगेंद्र पवार की प्रचार सभा में अपने भाषण में उन्होंने खुद इस बात का संकेत दिया है। हालांकि, शरद पवार ने कहा है कि वह राजनीति से संन्यास लेने के बाद भी सामाजिक कार्य करते रहेंगे। एनसीपी में विभाजन से ठीक एक महीने पहले शरद पवार ने पार्टी

अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन एनसीपी के तमाम नेताओं और कार्यकताओं के आग्रह के चलते उन्होंने इसे वापस ले लिया।

इसके तुरंत बाद पार्टी में विभाजन हो गया और अजित पवार का गुट सत्तारूढ़ ग्रैंड अलायंस में शामिल हो गया। तब भी शरद पवार के इस्तीफे की चर्चा जोरों पर थी। अब जैसे ही शरद पवार ने अपने राजनीतिक संन्यास का सीधा संकेत दिया है तो राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। युगेंद्र पवार के प्रचार के लिए शरद पवार ने आज बारामती में बैठक की. इस मौके पर उन्होंने यह जिक्र करते हुए अपने संन्यास का संकेत दिया कि वह पिछले 55 सालों से महाराष्ट्र के राजनीतिक दायरे में सक्रिय हैं। आपमें से कुछ उस समय जीवित थे, कुछ का जन्म नहीं हुआ था। 55 साल पहले मैंने महाराष्ट्र के सभी हिस्सों में काम करना शुरू किया। 1967 में

उस समय के मतदाताओं ने मुझे चुना। मैं अभी भी उनमें से कुछ मतदाताओं को यहां देखता हूं। वह अब 50-55 साल के हैं।

शरद पवार ने कहा कि सबके सहयोग से मैं विधानसभा में गया, राज्य मंत्री बना, मंत्री बना, मुख्यमंत्री बना, रक्षा मंत्रालय में काम किया, कृषि मंत्रालय में काम किया और आज मैं राज्यसभा में हूं।

आपके वोट से एक बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए और फिर निर्णय लिया कि अब लोकसभा नहीं रहेगी। क्योंकि 30-35 साल तक लगातार चुने जाने के बाद एक नई पीढ़ी का निर्माण होना चाहिए। इसलिए 30 साल पहले मैंने फैसला किया कि मैं अब लोकसभा के लिए खड़ा नहीं होऊंगा। मैं यहां की राजनीति नहीं देखूंगा। अभी राज्यसभा में हूं। अभी डेढ़ साल का कार्यकाल बाकी है। उसके बाद मुझे दोबारा सोचना पड़ेगा कि राज्यसभा जाऊं या नहीं। मैं लोकसभा नहीं लड़ूंगा। कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे। कितने चुनाव लड़ने हैं?

हेमंत सोरेन, झारखंड पर ग्रहण बनकर लगे हुए हैं: शिवराज सिंह चौहान

दुमका। केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को झारखंड की सारठ विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रणधीर कुमार सिंह, दुमका से प्रत्याशी सुनील सोरेन और मधुपुर से भाजपा उम्मीदवार गंगा नारायण सिंह के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने सभी देशवासियों को छठ पर्व प्रारंभ होने की शुभकामनाएं दी। वहीं शिवराज सिंह ने जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, इस गठबंधन सरकार ने झारखंड जैसे सुंदर राज्य को लूटकर खोखला कर दिया है। झारखंड में जेएमएम सरकार, बालू, पत्थर, खनिज और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र से भेजी गई करोड़ों की राशि डकार गई। प्रदेश की जनता त्राही-त्राही कर रही है और इनके नेता मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद किए जा रहे हैं। ये पैसा हेमंत सोरेन का नहीं बल्कि झारखंड के लोगों की खून-पसीने की कमाई का पैसा है। इसलिए इस बार झारखंड से जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फैंकना है और झारखंड में सुशासन स्थापित करना है।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार के रहते झारखंड की जनता सुखी नहीं है। हेमंत सोरेन तो झारखंड पर ग्रहण बनकर लग गए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन ने पूरे झारखंड को बर्बाद करने का पाप किया है। शिवराज सिंह ने कहा कि, यहां किसी थाने, तहसील, ब्लॉक और सरकारी दफ्तरों में बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता है। यहां हर चीज बिकती है। जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की ये सरकार देश में सबसे भ्रष्ट सरकार है, ऐसी बेईमान सरकार मैंने कभी नहीं देखी है। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, हेमंत सोरेन की हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है। वो बौखला गए हैं, उन्हें पता है कि, उनके पापो का घड़ा भर चुका है। जेएमएम

सरकार के कुशासन से तंग आकर अब जनता ने भाजपा को जिताने का मन बना लिया है।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त हैं, माँ, बहन, बेटियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। झारखंड की धरती पर 7 हजार 400 से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं हुई है। रूबीका पहाड़िया, अंकिता जैसे बेटियों की निर्मम हत्या की जा रही है। अपहरण, छेड़छाड़ और गंभीर अपराध भी आए दिन हो रहे हैं, लेकिन हेमंत सोरेन गहरी नींद में सो रहे हैं। जिस धरती पर माँ-बहन और बेटी का सम्मान नहीं वो धरती कभी सुखी नहीं रह सकती है। यहाँ तो ये सरकार सीता सोरेन जी का भी अपमान करती है, उनके लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। ये तो धरती वो धरती है जहां एक सीता और द्रौपदी का अपमान हुआ था तो महाभारत हो गया था और कौरवों का विनाश कर दिया था। माँ-बहन का अपमान करने वाले छोड़े नहीं जाएंगे। ये नरेंद्र मोदी की सरकार है मोदी जी ने कानून बनाकर तय किया है कि, कोई भी माँ-बहन और बेटी की तरफ गलत नजर से देखेगा, बलात्कार जैसा काम करेगा तो उसे सीधे फांसी के फंदे पर लटका दिया जाएगा। भाजपा की सरकार बनते ही झारखंड में माटी, बेटी और रोटी को सुरक्षित करने का काम किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हेमंत सोरेन ने पांच साल पहले महिलाओं से वादा किया था कि, उन्हें प्रति माह 2 हजार रूपए चूल्हा खर्च के लिए दिए जाएंगे। 4 साल 10 महीने तो तुछ नहीं दिया और चुनाव के आते ही बहनों के खाते में वोटों के लालच में 1 हजार रूपए की राशि डाल दी। शिवराज सिंह ने कहा कि, हर महीने 2 हजार रूपए के हिसाब से एक साल का 24 हजार रूपए होता है, और पांच साल का 1 लाख 20 हजार रूपए होता है, लेकिन हेमंत सोरेन ने अब तक केवल 2 हजार रूपए ही बहनों के खाते में डाले हैं। पहले हेमंत सोरेन बताएं कि, 1 लाख 18 हजार रूपए कहां गए, उसका हिसाब दें। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहां बहनों को खाते में सम्मान राशि दी जा रही है। मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों के खाते में हर महीने राशि डाली जा रही है। वहीं छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, असम और ओडिशा में अलग-अलग नामों से योजनाएं चलाई जा रही है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनते ही हर बहन के खाते में हर 11 तारीख को 2100 रूपए की सम्मान राशि डाली जाएगी। झारखंड की बहनों की आंखों में आसूं क्यों रहे, उन्हें भी मुस्कुराने का अधिकार है।

राजद दिशाहीन हो गई है: प्रशांत किशोर

गया,(नवशक्ति)। बिहार में आगामी उपचुनाव को देखते हुए जन सुराज के सूत्रधार और स्टार प्रचारक प्रशांत किशोर लगातार जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। अपने जन संवाद के जरिए प्रशांत किशोर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान सुझा रहे हैं और जन सुराज को आगामी चुनाव में जनता का समर्थन मिलने पर क्षेत्र में एक बेहतर व्यवस्था की स्थापना करने की योजना पर बात कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में एक जन संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में जनता जुटी और प्रशांत किशोर को सुना।

जन संवाद के दौरान प्रशांत किशोर ने नीतीश सरकार की जमीन सर्वे के मुद्दे पर निशाना साधा और आम जनता को बिहार के मुख्यमंत्री असली चेहरा दिखाया। उन्होंने नीतीश कुमार पर तीखा हमला करते हुए कहा हुए कहा, जितने लोग नीतीश को वोट दे रहे हैं, उनसे मैं एक ही बात कहना चाहता हूँ। अभी एक महीने पहले जमीन का सर्वे हो रहा था, और नीतीश कुमार ने ऐसा दिमाग लगाया है कि आप खुद को चाहे जितना भी बुद्धिमान समझें, लेकिन नीतीश कुमार बहुत ही शातिर हैं। उन्होंने ऐसा दिमाग लगाया है कि आपके घर-घर में बुआ, बेटी, बहन से लड़ाई लगवा देंगे, और फिर आधे से ज्यादा लोगों की जमीन का मालिकाना हक विवादित हो जाएगा। कितने लोगों से आप साइन करवा पाएंगे?

आगे उन्होंने कहा कि जब इसी प्रशांत किशोर ने इस पर हल्ला मचाया, तब जाकर यह सर्वे रुका। इसलिए नीतीश कुमार को वोट देने से पहले यह सोच लीजिए कि पिछले 30 वर्षों से जो

आप सहते आए हैं, उससे भी बड़ा षडयंत्र नीतीश कुमार ने रचा है। जिनके पास जमीन है, उनकी जमीन सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि जमीन पर तो आप वैसे भी खुद खेती नहीं कर रहे हैं, बल्कि कटाई के लिए दूसरे को दिए हुए हैं। आप सोचते हैं कि मालिकाना हक तो आपके पास ही है, लेकिन अब नीतीश कुमार कह रहे हैं कि तुम मालिक हो, यह साबित करो। अपने दादा से लेकर अभी तक की वंशावली बनाओ, और परिवार की हर लड़की से साइन करवाओ। अगर आप साइन नहीं करवा पाए, तो आपका मालिकाना हक चला जाएगा। प्रशांत किशोर ने राजद पर भी कड़े प्रहार किए। उन्होंने जनता को राजद की कथित विफलताओं से अवगत कराते हुए कहा कि जिस राजद से बिहार की जनता वर्षों से डर रही थी, उस राजद की हालत आज यह है कि वह दिशाहीन हो गई है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा, हमने दिमाग लगाकर राजद को इस कदर उलझा दिया है कि अब उनके पास कोई दिशा ही नहीं बची है। लालटेन तो है, लेकिन किरासन तेल निकाल लिया गया है, अब सिर्फ बत्ती ही बची है जो थोड़ी देर तक जल पाएगी। उन्होंने राजद पर आरोप लगाते हुए कहा कि बेचारा मुस्लिम, जिसका बच्चा सबसे गरीब और अनपढ़ है, उसे लालटेन में किरासन तेल की तरह डालकर जो लोग जला रहे थे, हमने वह किरासन तेल निकाल दिया है। अब केवल बत्ती बची है, जितनी जल सके, जल जाए।

मंत्री नितिन नवीन जी ने पर्यटन घाट से गाय घाट तक छठ पूजा की तैयारियों का किया निरीक्षण

पटना। नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन जी द्वारा छठ पूजा को लेकर स्टीमर से पर्यटन घाट से लेकर कंगन घाट तक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ उप महापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी जी, नगर आयुक्त अनिमेष पराशर जी मौजूद रहे। वहीं, निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि छठ पूजा हमारा सम्मान है। ऐसे में व्रतियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसके लिए हर एक पहलू पर आज निरीक्षण किया गया। सभी घाटों पर बेरिकेडिंग, शौचालय, चेंजिंग रूम, स्ट्रीट लाइट, वॉच टॉवर, समेत अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। वहीं, माननीय मंत्री जी ने कहा कि इस साल छठ व्रतियों की सुविधा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के भी

पुख्ता इंतेजाम किय गए है। नगर विकास विभाग द्वारा स्मार्ट सिटी योजना के तहत कुल 24 घाटों पर 124 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके अलावा अस्थायी कंट्रोल रूम का भी निर्माण किया गया है। माननीय मंत्री जी ने कहा कि पटना नगर निगम क्षेत्र में गंगा किनारे के लगभग 102 घाट तथा करीब 45 पार्क एवं 63 तालाब शामिल है। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर भीड़-प्रबंधन के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुसार तेजी से तैयारी पूरा कर लेना का निर्देश दिया गया है। वहीं, आपदा प्रबंधन की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार किसी भी तरह की आपदा की आकस्मिकता से निपटने हेतु एनडीआरएफ की 08 टीम (200 सदस्य), एसडीआरएफ की 14 टीम (56 सदस्य), 333 गोताखोर, 306 नाव/नाविक तथा सिविल डिफेंस के 168 वोलंटियर्स तैनात रहेंगे। इसके अलावा घाटों के किनारे रिवर पेट्रोलिंग भी किया जाएगा।

मंत्री अशोक चौधरी ने छठ व्रतियों के बीच बांटा सुप एवं पूजन सामग्री वितरण

पटना। बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री डॉ अशोक चौधरी आज गोलघर के पास माँ अखंडवासिनी मंदिर से पंडित विशाल तिवारी एवं चितकोहरा बाजार में बादशाह अगरबत्ती परिवार के भाई जगजीवन सिंह जी के साथ मिलकर छठ व्रतियों माताओं-बहनों के बीच छठ पूजा के लिए सुप एवं पूजन सामग्री वितरण कर माँ अखंडवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना किया और बिहार व बिहार वासियों के सुख-समृद्धि के लिए माँ से आशीर्वाद मांगा। श्री चौधरी व्रत-सामग्री वितरण कर पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि छठ लोक आस्था का महापर्व है। छठ पूजा में लोग ढलते हुए सूर्य और उगते सूर्य को अर्घ्य देते है। मंत्री अशोक चौधरी ने आगे कहा कि

बिहार से यह छठ महापर्व पूरी दुनियां में चाहे वह लंदन हो, अमेरिका हो कहीं भी चले जाइए, वहां एक अद्भुत नजारा देखने को मिलता है, वहां रह रहे बिहारी इस महापर्व को बड़े ही धुमधाम से मनाते है। इस पर्व में सूर्य जो साक्षात प्रमाणित देवता हैं, उनकी वंदना होती है, जो ऊर्जा और जीवन के संचार का अहम स्रोत है। इस अवसर पर मंत्री अशोक चौधरी के साथ मंत्री नितिन नवीन, जद(यू) के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, एमएलसी रविंद्र, मदन मोहन झा, पूर्व विधायक श्री बंटी चौधरी जी, जद(यू) प्रदेश महासचिव श्री छोटू सिंह, राजेश राठौर, शिव शंकर निषाद सहित अन्य सम्मानित साथीगण मौजूद रहे।

बेलागंज सहित चारो विधानसभा सीट पर एनडीए की विजय होगी :सम्राट चौधरी

गया/पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार के विकास और नौकरी-रोजगार देने के शानदार ट्रैक रिकार्ड पर जनता का पूरा भरोसा है, इसलिए बेलागंज सहित सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों की विजय होगी।

श्री चौधरी ने बेलागंज में जनता से सम्पर्क और रोड-शो के बाद विजन स्कूल प्रांगण में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गया के डोभी इंडस्ट्रियल कॉरिडोर 1675 एकड़ में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा और धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए बोधगया एवं विष्णुपद मंदिर में कॉरिडोर बनेगा।

उन्होंने कहा कि ढांचागत

विकास और मंदिर कॉरिडोर बनने से स्थानीय कला, उद्योग, होटल और परिवहन क्षेत्र में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गया-पटना हाईवे दिया, जिससे आज पटना से गया की दूरी मात्र डेढ़ घंटे रह गई है। पहले सड़कों की ऐसी दुर्दशा थी कि गया-पटना सफर में 4 घंटे लगते थे।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार को लालटेन युग से बाहर निकाला, जिससे अब गांव-गांव तक बिजली पहुंच गई है। कहीं लालटेन की जरूरत नहीं है।

श्री चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अब 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगी।

उन्होंने बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के छनेटा ग्राम, बेला बाजार, चाकंद बाजार में भी जनता से मिलकर एनडीए प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा।

संक्षिप्त समाचार

रणजी ट्रॉफी: बिहार और मध्य प्रदेश की टीमों ने किया जमकर अभ्यास

पटना। स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में 6 से 9 नवंबर तक चलने वाली रणजी ट्रॉफी मैच की पूरी तैयारी हो गई है। मैच से एक दिन पहले मंगलवार को स्टेडियम के प्रेक्टिस विकेट पर दोनों टीमों ने जाम कर अभ्यास किया। इस मैच के सफल संचालन के लिए बीसीसीआई से मैच रेफरी संजय राउल, अंपायर के आर वासुकी, रोहण इंगावले पटना पहुँच चुके है। इस मैच के लिए सिनीयर विडियो एनालिस्ट संजय कुमार, वीडियो एनालिस्ट ए के चन्दन, ऑनलाइन स्कोरर उत्पल कान्त, मैनुअल स्कोरर अंशु किरण की नियुक्ति की गई है। इस मैच के ए सी एल यू अजीत पांडे तथा सहायक अंपायर शोभित कुमार सिंह होंगे। दोनों टीमों ने मोइनुल हक स्टेडियम में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण का जम कर अभ्यास किया।

दोनों टीम इस प्रकार है: बिहार: 1- वीर प्रताप सिंह (कप्तान) 2-सकीबुल गनी (उप- कप्तान), 3- विपिन सौरभ, 4-आकाश राज, 5-सरमन निग्रोध, 6-बाबुल कुमार, 7-आयुष लोहारिका, 8-राघवेंद्र प्रताप सिंह, 9-मयंक चौधरी, 10-ऋषभ राज, 11-हिमांशु सिंह, 12- सचिन कुमार सिंह, 13-अभिजीत साकेत, 14-साकिब हुसैन, 15-शब्बीर खान, 16-हर्ष विक्रम सिंह, 17-जितिन कुमार यादव, 18-यशपाल यादव, 19-ऋषि राज, 20-वैभव सूर्यवंशी, 21-पीयूष कुमार सिंह, 22-अपूर्वा आनंद, 23-बंशीधर।

सपोर्ट स्टाफ: हेड कोच: अशोक कुमार, कोच: प्रमोद कुमार, सहायक कोच: एस पी नरोत्तम, फिजीओ: हेमेन्दु कुमार सिंह, ट्रेनर: गोपाल कुमार, टीम मैनेजर: नन्दन कुमार सिंह, मध्य प्रदेश: 1-शुभम शर्मा-कप्तान, 2-कुलवंत खिजरोलिया,3-सागर सोलंकी, 4-रजत पाटीदार, 5-हर्ष गवली, 6-हरप्रीत सिंह, 7- सारांश जैन, 8-कुमार कार्तिकेय, 9-यश दुबे, 10-हिमांशु मंत्री, 11-अरशद खान, 12-शुभांशु सेनापति, 13-अनुभव अग्रवाल, 14-वेंकटेश ईयर, 15-आर्यन पांडे, सपोर्ट स्टाफ: हेड कोच- चंद्रकांत पंडित, फिजियो-अभिजीत सायल, ट्रेनर- मयंक अग्रवाल, मैनेजर- रोहन पुणेकर।

छठ महापर्व के अवसर पर आम जनों की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा की गई विशेष तैयारी

पटना। छठ महापर्व के अवसर पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा श्रद्धालुओं के बेहतर सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। विभाग द्वारा पटना के कुल 107 घाटों पर अस्थायी शौचालय, अस्थायी यूरिनल, स्वच्छ पेयजल हेतु अस्थायी नलों एवं चापाकल की व्यवस्था की जा रही है ताकि इस दौरान श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई नही हो। विभाग द्वारा सभी 107 घाटों पर कुल 532 अस्थायी शौचालय, 450 अस्थायी यूरिनल एवं 255 अस्थायी नलों एवं 34 चापाकालों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।साथ ही कुछ चिन्हित घाटों पर विभाग द्वारा हंश्री१ अळ्ट एवं आवश्यकता अनुसार 50 Water Tanker की भी व्यवस्था की की जा रही है। विभाग द्वारा की गयी पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्थाओं से घाटों पर सभी श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लिए बुनियादी सुविधा सुनिश्चित किया जा सकेगा ताकि आम जनों को घाटों पर किसी भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विभागीय कार्यों की समीक्षा की

जमुई , (नवशक्ति)। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने राज्य में विकास कार्यों में पारदर्शिता के साथ इसे टाइम लाइन के भीतर पूरा किए जाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की और वांछित निर्देश दिए।जिला पदाधिकारी जमुई श्रीमती अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में नामित विभागों के पदाधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थिति दर्ज की और जरूरी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य सचिव ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग,पर्यावरण वन और जलवायु विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग,

लघु जल संसाधन विभाग,लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सहकारिता विभाग तथा गन्ना उद्योग विभाग के कार्यों की समीक्षा की और प्रगति प्रतिवेदन का अवलोकन किया। उन्होंने संचालित योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण पारदर्शिता के साथ टाइम लाइन के भीतर पूरा किए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने मौजूद विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर देय दायित्वों का निर्वाहन किए जाने को कहा। साथ ही सभी विभागीय पदाधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करने का निदेश दिया।जिलाधिकारी महोदया ने मौके पर सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिए जाने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि नामित पदाधिकारी समन्वय के साथ काम करें और जिला के साथ राज्य को तरक्की की राह पर तेजी से दौड़ने में सहयोग दें।वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला गन्ना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु जल संसाधन विभाग, कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन एवं मत्स्य पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत सभी नामित पदाधिकारी विडियो कांफ्रेंस में उपस्थित थे।

बिहार के वैभव सूर्यवंशी का चयन अंडर -19 एशिया कप के लिए इंडिया टीम हुआ, बीसीए अध्यक्ष ने दी बधाई

पटना। बिहार क्रिकेट के लिए सुनहरा दिन आज बिहार के सिर्फ 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का चयन भारत के अंडर-19 टीम हुआ है। सूर्यवंशी भारत के अंडर -19 क्रिकेट टीम के लिए आगामी 29 नवंबर से होंगे वाले एसीसी अंडर-19 एशिया कप 2024 में खेलते दिखेंगे। सूर्यवंशी के चयन पर बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बधाई और शुभकामनाये देते हुए कहा है किर् नैसर्गिक प्रतिभा का धनी है वैभव सूर्यवंशी,बिहार के इस खिलाड़ी ने काफी कम उम्र में रणजी ट्रॉफी खेलते हुए अपने प्रतिभा के बदौलत कई कीर्तिमान स्थापित किए है,अभी हाल ही में हुए ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के खिलाफ भी भारत अंडर-19 टीम से खेलते हुए शानदार शतक लगाया था अब एशिया अंडर -19 कप खेलेगा। वैभव को हम

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तरफ से इस खिलाड़ी के स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं। आपको बता दे की बिहार के 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी लगातार आगे बड़ रहे है। क्रिकेट इतिहास में सबसे कम उम्र में रणजी ट्रॉफी जैसे टूनार्मेंट में डेब्यू करने वाले खिलाडी है। अब एशिया कप खेलना बिहार के लिए गौरव की बात है।

बादशाह इंडस्ट्रीज ने छठ वर्तियों के बीच बांटा पुजन सामग्री

पटना। धुप अगरबत्ती एवं हवन सामग्री के निमार्ता बादशाह इंडस्ट्रीज के संस्थापक जगजीवन सिंह एवं समस्त बादशाह परिवार के सौजन्य से आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर छठ वर्तियों के सेवार्थ 2100 सूप पूजन सामग्री सहित वितरित किया गया। इस अवसर पर राज्य बिहार सरकार के मंत्री अशोक कुमार चौधरी, सुमित कुमार सिंह, नीतिन नवीन, विधान पार्षद संजय गाँधी जी, ललन शराफ, रविन्द्र कुमार, संजय सिंह, पूर्व मंत्री श्याम रजक एवं अति पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष नविन आर्या, खाद्य आयोग के अध्यक्ष विधानंद विकल जी, आसिफ कमाल, छोटू सिंह, ओम प्रकश सेतु, शिवशंकर निषाद, कमल नोपानी, मनवीर सिंह, स्वर्ण सिंह, अनिल यादव, कवलजीत सिंह, रणजीत सिंह छावड़ा, गुरमेज सिंह, कमलजीत सिंह बग्गा, राजु गुप्ता, राजीव कुमार) बुल्लू जी (एवं माँ वैष्णो देवी सेवा समिति, श्री श्री राम

नवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति, भारत विकाश परिषद्, लायन क्लब फेवरिट श्री गुरुसिंह सभा गोविन्द नगर चितकोहरा एवं समाज सेवी लोगों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक सरदार जगजीवन सिंह मनबीर, सिंह, स्वर्ण सिंह ने बताया कि यह पुजन सामग्री पिछले 16 वर्षों से लगातार आस्था के इस महापर्व पर छठ वर्तियों के बीच पूजन सामग्री वितरित किया। जा रहा है खासकर इस महान पर्व पर पुरे देश एवं बिहार वासियों से सरदार जगजीवन सिंह ने हाथ जोड़कर विनती की कि ह्य सब मिलकर संकल्प ले कि एक पेड़ आवश्य लगाये ताकि जल का संरक्षण हो सके हमलोगों के जीवन में जल बहुत जरूरी है जल है तो जीवन है जल संरक्षण के लिए हरियाली बहुत जरूरी है और हरियाली के लिए एक पेड़ आवश्य लगायें।

बादशाह अगरबत्ती का विनम्र संदेश जीते) जी रक्त दानमृत्यु, परांत अंग दान (छठ मैया से बिहार कि दिन-दुनी, रात चौगुनी तरक्की कि कामना कि है।

चित्रगुप्त पूजा में पूजा-अर्चना के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

पटना, (संवाददाता)। चित्रगुप्त पूजा के सुअवसर पर कलम के आरध्य देव श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा-अर्चना,भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम दिनकर पथ, साकेत विहार मित्रमंडल कॉलोनी, अनीसाबाद,पटना में धूमधाम से मनाई गई ' इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा समिति के संरक्षक अखिलेश्वरी प्रसाद, राकेश कुमार, विजय कुमार श्रीवास्तव, रामजी प्रसाद ,मुकेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिसमें तकरीबन तीन सौ कायस्थ परिवार वाला मित्रमंडल के निवासियों ने अपनी उपस्थिति दिखलाई। दिनभर भक्तों का आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। पूजा पंडाल में मुख्य रुप से पूर्व राज्य सभा सांसद आर.के सिन्हा,पूर्व सांसद साधु यादव,वार्ड पार्षद हरे राम सिंह समिति के अध्यक्ष विपिन

बिहारी कर्ण के अलावा कई गणमान्य लोग भी मौजूद थें। सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम संयोजक एवं गायक अनुराग श्रीवास्तव ने र्अरे द्वारपालोंर् गीत गा कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को सजाने सवांरने और पूजा-अर्चना में संरक्षक आशुतोष नारायण सिन्हा,भाई-भोज की उत्तम व्यवस्था करने में उपाध्यक्ष सह मिडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आर एस बरियार ,महासचिव संतोष सिन्हा, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा,जन सम्पर्क अधिकारी कृष्णा किशोर, कुमार राहुल, संगठन सचिव प्रभात बिहारी सहाय, कार्यकारिणी सदस्य नित्यानंद लाल ,सुमीत सिन्हा, महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती उषा शरण,सचिव श्रीमती विनिता शरण, संगठन सचिव श्रीमती वंदना सिन्हा,संयुक्त सचिव श्रीमती रुपाली श्रीवास्तव आदि का योगदान सराहनीय रहा।

लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारी: त्रिवेणी धाम में छठ घाट पर युद्ध स्तर पर सजावट और व्यवस्था पूरी: चंदन मुखिया

संजय कुमार

बिहारशरीफ(नवशक्ति)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर गिरियक प्रखंड के चोरसुआ गांव स्थित त्रिवेणी धाम छठ घाट की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। यहां तीन नदियों के संगम स्थल पर हर साल श्रद्धालुओं का तांता लगता है। इस बार भी छठ घाट की सफाई और सजावट का काम पूरा हो चुका है, जबकि रंग-रोगन और सजावट युद्ध स्तर पर जारी है। 'नहाय-खाय' के दिन से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचना शुरू कर दिया है।

त्रिवेणी धाम छठ पूजा समिति के अध्यक्ष और चोरसुआ पंचायत के मुखिया चन्दन कुमार ने जानकारी दी कि नालंदा लोकसभा के सांसद कौशलेंद्र कुमार के सहयोग से बड़े पैमाने पर छठ घाट का निर्माण कराया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यहां हर साल वस्त्र बदलने के लिए चेंजिंग रूम, भव्य सजावट, रोशनी की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेल्फी पॉइंट, प्राथमिक उपचार सुविधा, गोताखोर, और विभिन्न प्रकार के झूलों का इंतजाम किया गया है।

इस आयोजन में स्थानीय त्रिवेणी धाम फिजिकल अकादमी के युवाओं ने घाट की सफाई में मदद की है और छठ व्रतियों के लिए नारियल और पेयजल की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा, राष्ट्रीय वीर नवयुवक संघ के सदस्यों द्वारा मुफ्त चाय और अन्य श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

पूरे चोरसुआ पंचायत में विभिन्न समितियों के सहयोग से गलियों में रोशनी और सजावट की गई है। द्वितीय अर्घ्य के दिन प्रातः प्रत्येक गली में दीप जलाकर छठ व्रतियों का स्वागत किया जाएगा, जो हर साल की तरह इस बार भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में त्रिवेणी धाम छठ पूजा समिति के सचिव अशोक कुमार, लाइसेंसी संजीव कुमार, सरपंच राकेश कुमार, सलाहकार उदय शंकर पांडेय, सत्येंद्र कुशवाहा, दीपक कुमार उर्फ बिहारी, सूरज कुमार, संजीव कुमार उर्फ शेरू, बहादुर कुमार, मुन्ना कुमार, श्रवण कुमार, प्रदीप कुमार उर्फ बिंदु, और बलराम कुमार का विशेष सहयोग रहा। यह आयोजन न केवल स्थानीय लोगों के बीच उत्साह का कारण बनता है, बल्कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी एक अनूठा अनुभव प्रस्तुत करता है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी त्रिवेणी धाम में छठ पूजा की खास व्यवस्था और विशेष सजावट श्रद्धालुओं को आस्था का एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगी।

नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान के बावजूद थाने के पास सड़क पर अतिक्रमण से आवागमन बाधित

संजय कुमार

बिहारशरीफ(नवशक्ति)। बिहारशरीफ नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए एंटी-एन्क्रोचमेंट ड्राइव युद्ध स्तर पर चलाई जा रही है। नगर आयुक्त दीपक मिश्रा ने बताया कि देवीसराय चौक से कारगिल चौक तक अतिक्रमण हटाया गया है और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। मिश्रा ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करना नगर निगम का प्रमुख लक्ष्य है।

हालांकि, सोहसराय - मोरा तालाब पुरानी रांची रोड पर, सोहसराय थाना के बगल में अतिक्रमण की समस्या अब भी बरकरार है। यहां सड़क पर सफाई कर्मियों द्वारा अस्थायी रूप से अतिक्रमण किया गया है, जिसमें पक्का मकान भी बना लिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला और पुलिस प्रशासन इस अतिक्रमण को हटाने में विफल रहे हैं। इस कारण वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है।

स्थानीय निवासियों ने शिकायत की है कि सफाई कर्मियों के बच्चों का सड़क पर खेलना और उनके पालतू कुत्तों का वाहनों पर झपटना वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। कई बार मोटरसाइकिल सवारों का कुत्ते पीछा करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सफाई कर्मियों द्वारा किए गए इस अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए ताकि वाहनों के आवागमन में सुगमता हो और सड़क पर जाम से राहत मिले।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व जिलाधिकारी संतोष कुमार मल्ल का भव्य स्वागत

जहानाबाद। जिले के पूर्व जिलाधिकारी सह वर्तमान में बिहार सरकार के जल संसाधन विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल का जिलावासियों ने भव्य स्वागत किया। इनका करीब पांच बर्ष बाद जहानाबाद परिसदन में आगमन हुआ। इसके पूर्व 2019 में उनका आगमन हुआ था। उस समय श्री संतोष कुमार मल्ल केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अध्यक्ष थे तथा जहानाबाद के केंद्रीय विद्यालय स्कूल के उद्घाटन में भाग लेने आये थे। इस अवसर पर जहानाबाद के जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय भी उपस्थित थी। उनका स्वागत करने वाले प्रमुख लोगो में खेल जगत से जुडे अधिवक्ता -सह- अपर लोक अभियोजक विनोद कुमार सिंह , समाजिक आंदोलन से जुडे वरीय पत्रकार संतोष श्रीवास्तव , वयोवृद्ध अधिवक्ता किशोरी प्रसाद सिंह , लोक अभियोजक सुरेंद्र प्रसाद सिंह , पूर्व मुखीया तारकेश्वर प्रसाद उर्फ तलु जी, राजद नेता विजजय मंडल ,सरकार हरजिंदर सिंह , अपर लोक अभियोजक अवधेश जी, शिक्षाविद डा एस के सुनील, भाजपा नेता रंजीत रंजन, अधिवक्ता अनवर हुसैन,पत्रकार राजीव कुमार विमल, खिलाड़ी कासीम, सहीत बडी संख्या खिलाडी कलाकार उपस्थित थे।

निर्वाचन प्राधिकार ने नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक को लगाई फटकार

नोड्यूज प्रमाणपत्र नहीं लगेगा एनआर कटाने में

बिहारशरीफ (नवशक्ति)। पैक्स का चुनाव पांच चरणों में होना है इसके लिए एनआर कट रहा है। लेकिन 3 दिन पूर्व नालंदा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा गया था कि नोड्यूज प्रमाणपत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी का एनआर नहीं दिया जाए।

जिसको लेकर अंततः नालंदा सेंट्रल को- ऑपरेटिव बैंक के एमडी जितेंद्र कुमार सिंह को एक विवादास्पद निर्देश वापस लेना पड़ा। जिसमें उन्होंने पैक्स निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को बैंक से नोड्यूज प्रमाणपत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया था।

यह आदेश जिले के सभी बीडीओ को जारी किया गया था। जिसमें कहा गया था कि नोड्यूज प्रमाणपत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी का एनआर नहीं दिया जाए।

हालांकि, यह निर्देश बवाल का कारण बन गया। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा संचालित पैक्स चुनावों में बैंक की भूमिका को लेकर सवाल उठाए गए। नालंदा सेंट्रल को- ऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार चन्द्रा ने इसे चुनाव प्राधिकरण के निदेशों के प्रतिकूल बताते हुए कहा कि बैंक का पैक्स चुनाव में कोई प्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर किसी सदस्य के खिलाफ बैंक का ऋण बकाया है तो उसे मतदाता प्रारूप में पहले ही उल्लेखित किया जाना चाहिए था। इसके बावजूद अगर कोई आपत्ति होती है तो निर्वाचन अधिकारी द्वारा उसकी जांच और समीक्षा की जा सकती है।

मामला उस समय गंभीर हो गया, जब निर्वाचन प्राधिकरण ने इस आदेश पर नाराजगी जताई और प्रबंध निदेशक को निर्देश वापस लेने के लिए कहा। चुनाव आयोग के हस्तक्षेप और विभिन्न अभ्यर्थियों की नाराजगी को देखते हुए जितेंद्र कुमार सिंह ने अपना आदेश तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया। इस संदर्भ में अमरेन्द्र कुमार चन्द्रा ने कहा, ₹इस प्रकार के आदेश से उम्मीदवारों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती थी, जो चुनावी प्रक्रिया के लिए उचित नहीं है। माननीय उच्च न्यायालय पटना ने भी इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिनका पालन किया जाना चाहिए।₹इस घटनाक्रम ने न केवल चुनावी प्रक्रिया पर प्रश्न उठाए हैं,बल्कि प्रशासनिक निर्णयों की विश्वसनीयता और उनके प्रभाव को भी सवालों के घेरे में ला दिया है।

लोक आस्था का महापर्व छठ: आत्मनिर्भरता, सादगी और आस्था का प्रतीक

आर संतोष भारती

कतरीसराय(नालंदा)(नवशक्ति)। मंगलवार से बिहार में लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ 'नहाय खाय' के साथ हो गया है। यह पर्व आत्मनिर्भरता और सादगी पूर्ण स्वच्छ उपासना का प्रतीक माना जाता है, जिसमें बिना किसी पुरोहित की सहायता से धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए जाते हैं। लोक परंपराओं का पालन करते हुए इस पर्व के सभी अनुष्ठान किए जाते हैं, जिनमें विशेष नियमों और अनुशासनों का पालन होता है।

छठ पूजा में 'नहाय खाय' के साथ व्रत शुरू होता है, जिसमें पहले दिन व्रतधारी व्रत की शुरूआत करते हैं। दूसरे दिन 'खरना' (लोहंडा) के अनुष्ठान के साथ छठ व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और संध्या समय भगवान भास्कर (सूर्य) को भोग लगाते हैं। इस अवसर पर व्रती

और उनके परिवार के लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिससे भक्तिमय वातावरण बना रहता है।

चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रतधारी तीसरे दिन संध्या समय डूबते सूर्य को 'प्रथम अर्घ्य' अर्पित करते हैं, और अंतिम दिन उगते सूर्य को 'दूसरा अर्घ्य' देकर व्रत का समापन होता है। इस अनुष्ठान में सूर्य देवता की उपासना जलाशय में खड़े होकर की जाती है। लोक परंपरा के अनुसार, सूर्य देव और छठी मैया की पूजा से परिवार में सुख-शांति, स्वास्थ्य, और समृद्धि की कामना की जाती है। मान्यता है कि इस पर्व का पालन करने से व्रतधारी और सहयोगियों को मानसिक शांति और उन्नति प्राप्त होती है।

इस पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी पूरी व्यवस्था की जाती है। छठ घाटों की सफाई, सुरक्षा और सुंदरता के लिए खास तैयारियां की जाती हैं। जलाशयों और छठ घाटों पर सेवक और पुलिसकर्मी मुस्तैद रहते हैं ताकि श्रद्धालुओं और व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बिहार का छठ महापर्व न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और सादगी का एक अद्वितीय उदाहरण है। लोक परंपराओं का यह पर्व आत्मा और परिवार की शुद्धि, मनोवांछित फल प्राप्ति और समाज में भाईचारे के आदर्श को स्थापित करता है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इस पर्व में शामिल होते हैं और लोक आस्था की इस अनोखी परंपरा को जीवित रखते हैं।

नवरत्नपुर में छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरित, सुख-समृद्धि की कामना

थरथरी(नालंदा)(नवशक्ति)। स्थानीय प्रखंड के नवरत्नपुर गांव में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष कुमार ने छठ पर्व के अवसर पर दर्जनों व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरित की। इस दौरान व्रतियों को सुप, नारियल, हुमाद, फल, अंगवस्त्र, साड़ी और धोती भेंट की गई।

मनीष कुमार ने बताया कि वह पिछले दस वर्षों से हर कार्तिक और चैती छठ के दौरान व्रतियों को पूजा सामग्री का वितरण करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सेवा कार्य से उन्हें सुख, शांति और समृद्धि का अनुभव होता है। इस वितरण कार्यक्रम में कमला देवी, किरण देवी, अजय पासवान, चंद्रकला देवी, कंचन देवी, संगीता देवी, शारदा देवी, और प्रवीला देवी सहित अन्य छठ व्रतियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद सदस्य कपिल प्रसाद, मुकेश सिंह, राजनीति सिंह, दिनेश साव, वाली साब और बखोरी पासवान भी उपस्थित रहे।

हॉकी चैम्पियनशिप: ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध, खेल परिसर नो फ्लाइंग जोन घोषित

बिहारशरीफ(नवशक्ति)। आगामी एशियन हॉकी चैम्पियनशिप ट्रॉफी (महिला) 2024 का आयोजन नालंदा जिले के राजगीर में 11 नवंबर से 20 नवंबर 2024 तक प्रस्तावित है। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए, जिला दंडाधिकारी शशांक शुभंकर ने पूरे राजगीर खेल परिसर को नो फ्लाइंग जोन घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह निर्णय बड़ी संख्या में दर्शकों के आने और संभावित सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर लिया गया है। **आदेश के अनुसार:** 1. नो फ्लाइंग जोनः राजगीर खेल परिसर में 11 से 20 नवंबर 2024 तक ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।2. रेड जोन की घोषणाः एशियन हॉकी चैम्पियनशिप के दौरान पूरे खेल परिसर को रेड जोन घोषित

किया गया है, जिसमें ड्रोन नियम-2021 के तहत ड्रोन उड़ाने पर रोक रहेगी। 3. मानव रहित हवाई वाहनों पर प्रतिबंधः किसी भी मानव रहित हवाई वाहन (वअश) के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। 4. विशेष अनुमतिः यदि ड्रोन का उपयोग आवश्यक हो, तो सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के साथ इसकी सूचना जिला दंडाधिकारी को देनी होगी। इस आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि लोग इसके बारे में पूरी तरह से अवगत हो सकें। इसके साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 11 नवंबर की सुबह 5:00 बजे से 20 नवंबर की रात 10:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

रेलकर्मी ने प्रभारी मुख्य कारखाना प्रबंधक को सौपा ज्ञापन

हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)। स्थानीय रेल कारखाना में ईसीआरकेयू के शाखा सचिव पूणार्नंद मिश्र ने बताया कि द्वारा विभिन्न शॉप में विजिट सह चुनाव प्रचार कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों से यह सूचना कि राजगीर दानापुर इंटरसिटी ट्रेन को वर्तमान में गुरपा से खुलने के कारण अक्सर वह तीन-चार घंटे विलंब से चल रही है। इसके कारण हरनौत में कार्यरत कर्मचारी, जिन्हें पटना के तरफ जाना होता है, उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

जिसको लेकर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें कोषाध्यक्ष मनोज मिश्र, डीटीजीएम मंजय कुमार युवा प्रतिनिधि उत्पल किस्कू व रोशन कुमार ने हरेका के नव पदस्थापित प्रभारी मुख्य कारखाना प्रबंधक सुमन कुमार तांती से मिलकर कुछ गाड़ियों के परिचालन समय में आंशिक परिवर्तन करने हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से यूनियन ने मांग किया है कि राजगीर-पटना पलामू एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 03249 के टाइम में परिवर्तन कर इसे हरनौत में 17:10 बजे तथा राजगीर-पटना फास्ट पैसेंजर गाड़ी संख्या 03201 के समय में परिवर्तन कर सुबह में हरनौत में 7:50 बजे किया जाए। इसके साथ ही सुबह में बख्तियारपुर-राजगीर गाड़ी संख्या 03624 को दुमका एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 13334 तथा बरौनी-दानापुर पैसेंजर गाड़ी संख्या 03217 का मेल लेकर ही खोलने का मांग किया गया है।

वहीं मुख्य कारखाना प्रबंधक आर आर प्रताप के अवकाश में रहने के कारण वर्तमान में श्री तांती को प्रभारी मुख्य कारखाना प्रबंधक बनाया गया है। इन्होंने यूनियन के ज्ञापन को मुख्यालय में मुख्य परिचालन अधिकारी से चर्चा कर समय में यथा संभव परिवर्तन कराने का आश्वासन दिया है।

निखिल आनंद ने गंगा में डूबी नीतू देवी के परिजनों से मुलाकात की और शव की तलाश में जारी रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया

पटना। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ० निखिल आनंद ने मनेर के जीवराखन टोला- दरवेशपुर स्थित गंगा घाट पर मंगलवार सुबह डूब गई 38 वर्षीय नीतू देवी के शव की तलाश में चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। सुबह 11 बजे से चलाए जा रहे एसडीआरएफ के रेस्क्यू ऑपरेशन के बावजूद शव का पता नहीं चल सका। निखिल आनंद ने दानापुर एसडीओ से बात कर बुधवार को भी नीतू देवी की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन को जारी रखने की बात की। नीतू देवी मनेर थाने में नियुक्त चौकीदार अमरजीत पासवान की पत्नी है। निखिल ने अमरजीत पासवान और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया। निखिल आनंद के साथ इस दौरान मनेर दियारा मंडल भाजपा अध्यक्ष उमेश यादव, उपाध्यक्ष राजू यादव, महामंत्री सुधांशु कुमार सिंह, वार्ड सदस्य कुंदन कुमार, मंटू कुमार एवं दरवेशपुर उत्तरी पंचायत के मुखिया श्री प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने नालंदा के बाबन बूटि वस्त्रों को सराहा, इंटरनेशनल मेले में स्टॉल लगाने का दिया आश्वासन

संजय कुमार

बिहारशरीफ(नवशक्ति)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अपने नालंदा दौरे के दौरान यहां के हस्तकरधा के अनूठे और पारंपरिक बाबन बूटि वस्त्रों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने इस कला को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल मेले में नालंदा के बाबन बूटि वस्त्रों का स्टॉल लगाने का आश्वासन भी दिया।

नालंदा के पर्यटक स्थलों का भ्रमण करते हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राजगीर और अन्य पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया और यहां के सांस्कृतिक और हस्तशिल्प धरोहरों से गहराई से प्रभावित हुईं। इस अवसर पर बासबन बिगहा हस्तकरधा सहयोग समिति के सदस्य सूर्यदेव कुमार और नीलु कुमारी ने राज्यपाल का स्वागत बाबन बूटि के विशेष वस्त्रों से किया।

उत्साहवर्धन के प्रयास सूर्यदेव कुमार और नीलु कुमारी ने बताया कि नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुंभकर की पहल पर राज्यपाल के स्वागत का अवसर प्राप्त हुआ। स्वागत के दौरान महामहिम ने नालंदा हस्तशिल्प के इस अनूठे उत्पाद को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल मेले में विशेष स्टॉल

लगाने का अवसर प्रदान करने की बात कही।

इसके अलावा, राज्यपाल के समर्थन से आगामी महिला एशिया कप के दौरान राजगीर के खेल परिसर में भी इन हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। इस पहल के लिए जिलाधिकारी शशांक शुंभकर का आभार प्रकट करते हुए सूर्यदेव और नीलु ने कहा कि यह कदम स्थानीय हस्तकरधा को एक नई पहचान देगा और कारीगरों को रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। आधिकारिक अंगवस्त्र निर्माण की तैयारी इस स्वागत समारोह के लिए विशेष अंगवस्त्र भी तैयार किए जा रहे हैं, जो नालंदा की हस्तकला की विशिष्टता को प्रदर्शित करेंगे।

नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड़, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड़, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड़, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने देव सूर्य मंदिर, कार्तिक छठ मेले का किया उद्घटान, 30 लाख रुपए का किया आवंटन

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज औरंगाबाद पहुंचे जहां उन्होंने देव सूर्य मंदिर , कार्तिक छठ मेला 2024 का उद्घाटन किया। इसके अलावा वे बड़ेम स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक सूर्य राघव मंदिर भी पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आयोजित कार्तिक छठ मेला 2024 का उद्घाटन भी किया।

लोकआस्था के महापर्व छठ के पहले दिन उन्होंने सूर्यकुण्ड तालाब के पास आयोजित देव सूर्य मंदिर , कार्तिक छठ मेला 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेला किसी भी क्षेत्र की परंपरा और लोगों की आस्था का प्रतिबिंब है। चिंता प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम आधुनिकता में इन धरोहरों से विमुख होते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार सभी मेलों को प्रतिष्ठित करने में जुटी है। सरकार ने लोगों को आकर्षित करने के लिए ऐसे स्थलों पर महोत्सव का आयोजन भी कर रही है। इस मौके पर राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. जायसवाल ने देव सूर्य मंदिर ,कार्तिक छठ मेला 2024 को भव्य बनाने के लिये 30 लाख रुपए की प्रस्तावित राशि आवंटित की।

उन्होंने कहा कि देव सूर्य मंदिर देश ही नहीं विदेश में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साल यहां छठ करने वालों की भारी भीड़ लगती है। इस साल भी यहां पांच लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की है। सरकार की प्रतिबद्धता है कि आने वाले व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

इधर, भाजपा अध्यक्ष इससे पहले बड़ेम स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक सूर्य राघव मंदिर भी गए और वहां भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आयोजित कार्तिक छठ मेला 2024 का उद्घाटन भी किया। मेला उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार बिहार की

अप्रतिम धरोहरों को संरक्षित करने के लिए पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध है।

इस मौके पर राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. जायसवाल ने बड़ेम में आयोजित होने वाले कार्तिक छठ मेला 2024 को भव्य बनाने के लिये 15 लाख रुपए की प्रस्तावित राशि का आवंटन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने इस ऐतिहासिक परंपरा को राजकीय मेला का दर्जा मिलने पर बधाई भी दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में इस मेले का और विस्तार होगा और इसका आकर्षण बढ़ेगा।

इससे पहले भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल के बारून बाजार पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां आकाश गंगा होटल के नजदीक सतीश कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद गोपाल शरण सिंह जी के नेतृत्व में भी सैकड़ों कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनन्दन किया।

इससे पहले औरंगाबाद जिले के बड़ेम में निर्धारित कार्यक्रम के तहत जाने के क्रम में मेह पहुँचने पर कार्यकताओं ने जोश एवं उत्साह के साथ अपने अध्यक्ष का अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं का अभिनन्दन स्वीकार करते हुए कहा कि यह पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का उत्साह अगले साल आने वाले चुनाव के परिणाम का द्योतक है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ जायसवाल इस यात्रा के क्रम में नवीनगर भी पहुंचे। यहां उन्होंने नवीनगर थर्मल पावर स्टेशन के अतिथिशाला में कार्यकताओं से संवाद किया और क्षेत्र में चल रही संगठन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में उन्होंने कार्यकताओं के अनुभव, विचार और सुझाव भी सुने। कार्यकताओं के उत्साह और स्वागत से भाव विभोर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने जोर देकर कहा कि भाजपा कार्यक्रताओं की मेहनत और निष्ठा रंग लाएगी और भाजपा को सुदृढ़ बनाएगी। इससे पहले रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन में भी प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के कार्यकताओं से मुलाकात की और प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कार्य योजनाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे तन-मन और निष्ठा से अपने-अपने स्तर पर पार्टी के लिए सेवाएं दे रहे हैं, ये मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

राजद में मचनेवाली है भगदड़, मिट जायेगा नामोनिशान : प्रभाकर मिश्र

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने लालू और तेजस्वी पर प्रहार करते हुए कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव के पहले राजद में जबरदस्त भगदड़ मचनेवाली है। यह भगदड़ ऐसी होगी कि राजद का नामोनिशान मिट जाएगा।

श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लालू और तेजस्वी के तानाशाही रवैये से राजद में पहले ही कई दरारें आ चुकी हैं, अब सिर्फ टूटकर बिखरना बाकी है, यह बिखराव भी 2025 चुनाव के पहले पूरा हो जाएगा। 2025 विधानसभा चुनाव में राजद की अबतक की सबसे बड़ी हार होनेवाली है। राजद के नेता से लेकर कार्यकर्ता तक इस उधेड़बुन में हैं कि वे कौन-सा मुंह लेकर जनता से वोट मांगने जाएंगे। श्री मिश्र ने कहा कि खबरें आ रहीं हैं कि तेजस्वी यादव के आईटी सेल से राजद के चार लाख से अधिक सक्रिय कार्यकताओं का डाटा गायब हो गया है। असल में राजद के कार्यकर्ता और कई बड़े नेताओं का लालू और तेजस्वी से मोहभंग हो चुका है। ये जानते हैं कि राजद में उनका कोई भविष्य नहीं है, इसलिए वे अपना विकल्प तलाश रहे हैं। जल्द ही राजद को छोड़कर कार्यकर्ता दूसरे दलों का दामन थामेंगे।

श्री मिश्र ने कहा कि लालू परिवार का भ्रष्टाचारवादी चेहरा अब पूरी तरह सामने आ चुका है। लोग पूरी तरह समझ चुके हैं कि लालू परिवार का राजनीति में आने का उद्देश्य जनता की सेवा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की चाशनी में डूबा मेवा खाना है।

भाजपा ने 30 बागियों को दिखाया बाहर का रास्ता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन पर महामंत्री व सांसद डॉ.प्रदीप वर्मा ने विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे ऐसे 30 भाजपा के बागी नेताओं को पार्टी से 6 वर्षों के लिये निष्कासित किया है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती चंद्रमा कुमारी पलामू ,श्रीमती कुमकुम देवी हजारीबाग, श्रीमती लक्ष्मी देवी पलामू,श्रीमती जूली यादव दुमका ,बलवंत सिंह लातेहार, अरविंद सिंह खरसावां, बटेश्वर मेहता हजारीबाग, भैय्या बांके बिहारी हजारीबाग,चितरंजन साव बोकारो,कर्नल संजय सिंह पलामू, हर्ष अजमेरा हजारीबाग, हजारी प्रसाद साहू रांची ग्रामीण, मिसिर कुजूर गुमला, मिस्त्री सोरेन पाकुड, मुकेश कुमार शुक्ला पाकुड, पुष्परंजन पलामू, राजकुमार सिंह जमशेदपुर महानगर,रामावतार केरकेट्टा रांची ग्रामीण,रामदेव हेम्ब्रम पूर्वी सिंहभूम,रामेश्वर उरांव लोहरदगा, संतोष पासवान लातेहार, शिवचरण महतो पाकुड,शिवशंकर बड़ाइक खूंटी,शिव शंकर सिंह जमशेदपुर, सुरेंद्र मोदी हजारीबाग, उपेंद्र यादव गढ़वा, उमेश भारती चतरा,विकास सिंह जमशेदपुर महानगर, विमल बैठा जमशेदपुर महानगर, विनोद सिंह पलामू को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया है।

सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का नाम अजगैबीनाथ धाम करने की पहल स्वागतयोग्य : जयराम विप्लव

पटना। बिहार में सांस्कृतिक विरासत के पुनरुत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए, सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का नाम प्राचीन ह्लअजगैबीनाथ धामह्व रखने का प्रस्ताव संत समाज और नगर परिषद ने भी भेजा है। जिस पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सार्वजनिक वक्तव्य में कहा कि वो रेल मंत्री से मिलकर शीघ्र इस काम को पूरा करवाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा, ह्लयह कदम हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्स्थापित करने का प्रतीक है। स्टेशन का नया नाम न केवल हमारी आस्था को सम्मान देगा, बल्कि बिहार के प्राचीन गौरव और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। विप्लव ने आगे कहा कि यह कार्य हमारे समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और आने वाली पीढ़ियों को अपनी धरोहर का सम्मान सिखाने का अवसर है। अजगैबीनाथ धाम, जो भगवान शिव का प्रमुख तीर्थस्थल है, उत्तरवाहिनी गंगा किनारे स्थित है और श्रावण मास में करोड़ों शिवभक्त कांवड़ियों के रूप में बोलबम यात्रा के लिए यहां आते हैं । इस पवित्र स्थल के नाम से स्टेशन का नाम बदलना बिहार की संस्कृति और परंपरा को आदर देने वाला कदम है।

यह कांग्रेस का ओछापन है छोटापन है: शिवराज सिंह

रांची। कांग्रेस की नजरों में झारखंड का कोई सम्मान है या नहीं। कांग्रेस जैसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आते हैं और मंच से पूछते हैं कि यहां कितनी सीट हैं। ये झारखंड की वैल्यू समझते हैं? इन्हें सीटों का पता नहीं और चुनाव में भाषण करने आए हैं। और बता रहे हैं कि छोटा सा चुनाव है। खड़गे साहब, झारखंड महान राज्य है। यह झारखंड की धरती क्रांतिकारियों की भूमि है, भगवान बिरसा, सिद्धू-कान्हू, तिलका मांझी और नीलांबर पीताम्बर की यह भूमि है। कितने वीर और क्रांतिकारी यहां हुए हैं। तपस्वियों और साधकों की भूमि है। यहां का कण-कण पवित्र है। इस राज्य के चुनाव को छोटा कहना, झारखंड का अपमान है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड की जनता का आदर करती है। झारखंड को बचाने के लिए हम पूरी गंभीरता से चुनाव लड़ रहे हैं। क्योंकि यह चुनाव झारखंड के विकास का चुनाव है, यहां की जनता के कल्याण का चुनाव है। इसलिए प्रधानमंत्री जी से लेकर मेरे जैसे कार्यकर्ता यहां आएं हैं। झारखंड की जनता को प्रणाम करता हूं।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में खेरवार भोक्ता समाज के नेता रामनाथ गंझू ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया

रांची। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र राय ने कह की रामनाथ गंझू के सामाजिक सक्रियता का सम्मान करता हूं । भोक्ता को आदिवासी की दर्जा का मांग वर्षों से चली आ रही थी जिसे मोदी सरकार ने आदिवासी का दर्जा देने का काम किया है ।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकार आदिवासी का दर्जा देकर भोक्ता, खेरवार, गंझू के भावना को सम्मान देने का काम किया है।श्री राय जी ने आगे कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलने वाली सरकार में झारखंड का चिर हिरण हो रहा है उसके बचाव के लिए खेरवार भोक्ता समाज को आगे आकर इस सरकार को सत्ता से बेदखल करने में भाजपा का साथ दे ।

उन्होंने कहा झारखंड सम्मान आ रहे है । झारखंड को भाजपा ने बनाया है और हम सब मिलकर एक झारखंड को संवारेंगे।

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि खेरवार भोक्ता आदिवासी समाज धैर्य पूर्वक अपने आदिवासी की मांग हो। मांग के लिए आंदोलन करता रहा । झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस सरकार ने कभी इनकी भावनाओं को पूरा नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी जाति, समाज की कदर करती हैं । मोदी सरकार ने आदिवासियों के लिए कई ऐसी ऐतिहासिक निर्णय लीये है ।श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य में अराजकता की स्थिति है उससे बाहर निकलने के लिए पार्टी में शामिल सभी साथीगण अपने-अपने परिवार, मित्र एवं समाज के बीच जाकर भाजपा एवं एन डी ए के प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लें।खेरवार भोक्ता संघ के वरिष्ठ नेता रामनाथ भोक्ता ने कहा कि खेरवार भोक्ता सामाज को कांग्रेस ने गड्ढे में डाला, मोदी जी ने निकाला ।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन लातेहर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने किया ।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले में पूर्व खश्ट केंद्रीय कार्य समिति सह खेरवार भोक्ता समाज विकाश संघ केंद्रीय उपाध्यक्ष बहादुर गंझू , खेरवार भोक्ता समाज विकाश संघ बरियातू प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर साव, प्रयाग भोक्ता, बालदेव राणा, महादेव राणा, आदित्य साव, प्रकाश सिंह, जीतन गंझू, राजेश मिस्त्री, विनोद साव, आनन्द प्रजापति, बबलू केशरी, तेतर गंझू, तुलसी गंझू, लालधारी गंझू, शंकर ठाकुर, अध्यक्ष लातेहर प्रकाश गंझू, माणिकचंद गंझू, भोला गंझू, चंद्रिका गंझू, विनोद गंझू, पोखन साव शामिल रहे।

वोटिंग से 8 दिन पहले झारखंड में सीबीआई का बड़ा एक्शन, 16 जगह डाली रेड

रांची। झारखंड में चुनाव से पहले सीबीआई की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। अवैध पत्थर खनन पर एक बड़ी कार्रवाई में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तीन राज्यों में 16 स्थानों पर छापेमारी की और 50 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी, एक किलोग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी और कई संपत्ति जब्त की है। अधिकारियों के अनुसार, जांच एजेंसी वर्तमान में 16 स्थानों पर छापेमारी कर रही है, जिसमें झारखंड में 14, पटना में एक और कोलकाता में एक जगह शामिल है। हालिया बरामदगी झारखंड के प्रसिद्ध निम्बू पहाड़ क्षेत्र से मूल्यवान पत्थरों की कथित अवैध निकासी के संबंध में सीबीआई जांच का हिस्सा थी।

आरोप है कि इन पत्थरों का बिना अनुमति के खनन किया गया और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेचा गया।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर अवैध खनन मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद छापेमारी की गयी। इसके अलावा सीबीआई की टीम की ओर से कोलकाता और पटना में भी छापेमारी की गई है।

1200 करोड़ रुपए के अवैध खनन के मामले में सीबीआई ने रेड के दौरान अलग-अलग ठिकानों से 30 लाख रुपए जब्त किए हैं।

नालंदा में छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर, प्रशासन युद्धस्तर पर जुटा

बिहारशरीफ(नवशक्ति)। नालंदा जिले में लोकआस्था के महापर्व छठ की तैयारियां मंगलवार से युद्धस्तर पर शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। गुरुवार की संध्या को जिले के एक हजार से अधिक घाटों पर श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। मंगलवार को बिहारशरीफ के अनुमंडल पदाधिकारी वैभव नितिन काजले ने रहूई प्रखंड के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। उनके साथ रहूई नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुंदरम सानंद, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और अन्य स्थानीय अधिकारियों की टीम मौजूद रही। निरीक्षण में जनप्रतिनिधियों का भी सक्रिय सहयोग मिला। **जनप्रतिनिधियों**

की सक्रिय भागीदारी: निरीक्षण में नालंदा जद(यू) के मुख्य प्रवक्ता भवानी सिंह, रहूई नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अलबेला राय, उपमुख्य पार्षद अनिल पांडेय, और कई वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रामलगन प्रसाद, परमानंद प्रसाद और पंकज कुमार भी शामिल थे। सभी ने घाटों पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधारों पर अनुमंडल पदाधिकारी के साथ विचार-विमर्श किया।

प्रशासन गंभीर, सुविधाओं में सुधार: प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छठ व्रतियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी, सुरक्षा व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा सेवा और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

सांसद रविशंकर प्रसाद ने छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का किया वितरण

पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने पटना सिटी, गोलघर, मालसलामी, गर्दनीबाग, कंकड़बाग, मुसल्लमपुर आदि विभिन्न स्थानों पर छठ व्रतियों के बीच सूप, नारियल, फल, अगरबत्ती सहित अन्य पूजा सामग्री वितरित कर उन्हे लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर श्री प्रसाद ने बताया कि छठ महापर्व पर साधन विहीन व्रतियों को पूजा सामग्री उपलब्ध कराने से इस महापर्व को संपन्न करने में सहूलियत होगी। सबके मन में आस्था व सेवा धर्म का भाव रखते हुए ऐसा दृढ़ निश्चय करना चाहिए की कहीं किसी भी छठव्रती को किसी भी चीज की कमी नही हो। उन्होंने कहा कि यही एक ऐसा अनुष्ठान है जिसमें

समाज के हर वर्ग के लोग एक साथ समान रूप से जलाशय किनारे बैठकर भगवान भास्कर की अराधना करते हैं।

श्री प्रसाद लोक आस्था के महापर्व के प्रथम अनुष्ठान नहाए खाए के अवसर पर कार्यकताओं के यहां प्रसाद ग्रहण कर छठ व्रतियों को प्रणाम किया। श्री प्रसाद ने छठी मैया से सभी बिहारवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना किया।

जब भी बंटे है-निर्ममता से कटे है, शंख नहीं बजने देंगे घुसपैठिए: योगी आदित्यनाथ

कोडरमा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडरमा, बरकागांव और जमशेदपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होने हरियाणा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि, हरियाणा के लोगों ने विकास के लिए तीसरी बार फिर से भाजपा की डबल इंजन सरकार को चुना है। उन्होने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, एक आलमगीर आलम थे औरंगजेब, जिसने देश को लूटने का काम किया था, देश के पवित्र मंदिरों को नष्ट किया था। उन्होंने कहा कि जिस तरह औरंगजेब ने देश को लूटा था, मंदिरों को नष्ट किया था उसी तरह झारखंड सरकार एक मंत्री था आलमगीर आलम। उनके घर से नोटों की गड्डियां मिली थीं। ये पैसा झारखंड के गरीबों का था, जिसे लूटकर जमा किया गया था।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, देश में जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां पर विकास का एक नया मॉडल दिया है। उन्होने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, आजादी के बाद से जनता ने कांग्रेस को देश चलाने का मौका दिया। लेकिन आज तक गरीबों के लिए इमानदारी से एक भी योजना नहीं बनाई। साल 2014 में नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने थे, जिसके बाद उन्होने ह्यसबका साथ-सबका विकासह्व का नारा दिया था। इसी नारे के साथ किसान, युवा और महिलाओं समेत हर वर्ग का विकास करने का काम किया है।

उन्होने कहा कि, कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान चीन हमारे देश में घुस गया था, लेकिन आज चीन की सेना भी पीछे हट रही है और वहां भारत की सेना गश्त कर रही है। पाकिस्तान तो अब भारत का नाम सुनकर कांपने लगता है। पाकिस्तान सरकार को सपने आने लगे है कि, भारत कभी भी पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। सरकार ऐसी होनी चाहिए जो दुश्मन के दिल को दहला दे, और हम यही कर रहे हैं। कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने कश्मीर को एक समस्या दी थी, लेकिन मोदी जी ने 370 हटाकर समस्या का समाधान कर दिया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, कांग्रेस ने गरीबों को भूखा मरने और किसानों को आत्महत्या करने के लिए छोड़ दिया था। झामुमो-कांग्रेस और आरजेडी को जब भी मौका मिला, इन्होने गरीबों के पेट पर लात मारने का काम किया है। इन्होने झारखंड के युवाओं को पलायन करने के लिए मजबूर किया। किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर किया। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी ने प्रकृतिक संसाधनों पर लूट मचाने का काम किया। एक गरीब आदमी को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिलता, लेकिन बालू माफिया सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे है। यहां शराब माफिया, वन माफिया और भू माफिया सरकार के इशारे पर चल रहे है। इन भू माफियाओं का उपचार सिर्फ भाजपा ही है।

उन्होने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में माफिया सीना तानकर चलते थे, लेकिन जब बुलडोजर चलना शुरू हुआ भू माफिया प्रदेश ही छोड़ गए। इनमें से कुछ लोग जेल चले गए और कुछ का राम नाम सत्य हो गया है। आज उत्तर प्रदेश से माफिया राज पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। योगी आदित्यनाथ ने जनता से अपील करते हुए कहा कि, झारखंड में भाजपा की सरकार बनाओ और गरीबों को उसका हक और सम्मान मिलेगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, एनडीए गठबंधन और इंडी गठबंधन दोनों अपनी गॉरंटियां दे रही है, लेकिन भाजपा की गॉरंटियों में फर्क है। मोदी जी की गॉरंटी में युवाओं को रोजगार, महिलाओं और किसानों को सम्मान और हर वर्ग का कल्याण शामिल है। भाजपा ने जो अपनी पांच गॉरंटी दी है इनमें लक्ष्मी जोहार योजना के तहत आपनी बहनों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। साथ ही एक साल मे दो सिलेंडर मुफ्त में उपलब्ध कराए जाएंगे। गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने की 11 तारीख को बहनो के खाते में 2100 रुपए भेजे जाएंगे। 21 लाख लोगों को पक्का घर और सभी परिवारों को घर बनाने के लिए मुफ्त बालू दिया जाएगा। युवा साथी भत्ता योजना के तहत ग्रैजुएट और पोस्ट ग्रैजुएट बेरोजगार युवाओं को दो वर्षों तक हर महीने 2,000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा देश के स्वाभिमान की गॉरंटी है, युवाओं के रोजगार की गॉरंटी है, महिलाओं के सम्मान की गॉरंटी भाजपा है। झामुमो-कांग्रेस और आरजेडी ने प्रदेश में माफियाओं, अराजकता, सुरक्षा में सेंध को बढावा दिया है। इंडी गठबंधन देश की सुरक्षा और स्वाभिमान के साथ खिलवाड कर रहा है। सीएम योगी ने बटेंगे तो कटेंगे का नारा दोहराया। उन्होंने जनता से कहा कि अपनी ताकत का एहसास करवाइए। जातियों में नहीं बंटना है। जाति के नाम पर कुछ लोग आपको बांटेंगे, कांग्रेस और विपक्ष यही काम करती है। ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठियों, रोहिंग्या को बुला रहे हैं। एक दिन ये लोग आपको घर के अंदर घंटी और शंख भी नहीं बजाने देंगे। इसलिए एक रहिए और नेक रहिए।